# सोशल ऑडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ-226001
**Phone No.: 0522-2630878, e-mail: socialauditup@yahoo.in**

**पत्रांकः** 1023 /सो.आ.नि.-3/590/2025
**दिनाँकः** 22 सितम्बर, 2025

प्रेषक,

**निदेशक**,
सोशल ऑडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

**समस्त जिला विकास अधिकारी**,
(गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद को छोड़कर),
उत्तर प्रदेश।

**विषयः Scale-up the implementation of the Real-time , Geo-tagged and Time-Stamped photos of Social Audit Gram Sabha through integration between NREGASoft (Social Audit MIS) & Panchayat Nirnay App**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र संख्या 294, दिनांक 21-05-205 एवं 196, दिनांक 05-05-2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रथम फेज में प्रत्येक विकासखण्ड की 01 ग्राम पंचायत की सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के द्वारा सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में जनपदों में ग्राम पंचायत की सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश में पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से अब तक सम्पादित की गयी सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की समीक्षा करते हुये इसमें शीघ्र गति लाने के निर्देश दिये गये हैं।

2- उपर्युक्त स्थिति को देखते हुये पत्र निर्गमन के पश्चात् जनपदों में प्रस्तावित सोशल ऑडिट ग्राम सभा की तिथियों में **प्रत्येक सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि को प्रत्येक प्रक्रियाधीन विकासखण्ड की 01 ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित किया जाने का निर्णय लिया गया है**। चूँकि आगे से सभी ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित किये जाने के निर्देश हैं। अतः ग्राम पंचायतों का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि सम्बन्धित विकासखण्ड में सोशल ऑडिट को फैसिलिटेट कर रहे सभी BSAC एवं BRP को समान रूप से सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से करने का अनुभव प्राप्त हो जाये।

उदाहरण के रूप में जनपद अयोध्या के विकासखण्ड सोहावल में सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि (26/09/2025, 30/09/2025, 07/10/2025 एवं 10/10/2025) को प्रत्येक तिथि को 04 ग्राम पंचायतें जिसमें सोशल ऑडिट टीमों को फैसिलिटेट करने के लिये 04 रिसोर्स पर्सन्स Meera Devi (BSAC), Santosh Kumar Mishra (BRP), Suresh Yadav (BRP) एवं Mo. Taukeer (BSAC) लगे हैं। प्रत्येक सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि को भिन्न भिन्न BSAC/BRP को सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित किये जाने हेतु निम्नवत लगाया जायेगा:-

| क्र० सं० | ग्राम पंचायत | सोशल ऑडिट ग्राम सभा की तिथि | सोशल ऑडिट टीम को फैसिलिटेट करने के लिये लगे BSAC/BRP | पंचायत निर्णय ऐप के लिये नामित ग्राम पंचायत एवं BSAC/BRP |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | MANGALSI | 26/09/2025 | Meera Devi | Meera Devi |
| 2 | MEERPUR KANTA | 26/09/2025 | Santosh Kumar Mishra | |
| 3 | MOIYA KAPOOR PUR | 26/09/2025 | Suresh Yadav | |
| 4 | MUSTFABAD | 26/09/2025 | Taukeer | |
| | | | | |
| 5 | PANDITPUR | 30/09/2025 | Meera Devi | |
| 6 | PARANA PUR | 30/09/2025 | Santosh Kumar Mishra | Santosh Kumar Mishra |
| 7 | PILKHAVAN | 30/09/2025 | Suresh Yadav | |
| 8 | PIRKHAULI | 30/09/2025 | Taukeer | |
| | | | | |
| 9 | RAHIMPUR BADAULI | 07/10/2025 | Meera Devi | |
| 10 | RAMNAGAR DHAURAHARA | 07/10/2025 | Santosh Kumar Mishra | |
| 11 | RAMPUR GRANT | 07/10/2025 | Suresh Yadav | Suresh Yadav |
| 12 | RASOOLPUR SAKRAVAL | 07/10/2025 | Taukeer | |
| | | | | |
| 13 | RAUNAHI | 10/10/2025 | Meera Devi | |
| 14 | SANAHA | 10/10/2025 | Santosh Kumar Mishra | |
| 15 | SARANGA PUR | 10/10/2025 | Suresh Yadav | |
| 16 | SARAY NAMOO | 10/10/2025 | Taukeer | Taukeer |

उपर्युक्तानुसार विकासखण्डों में सोशल ऑडिट को फैसिलिटेट कर रहे सभी BSAC एवं BRP को लगाये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

3- प्रत्येक सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की तिथि को प्रत्येक प्रक्रियाधीन विकासखण्ड की 01 ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक को पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित किये जाने हेतु ग्राम पंचायत का चयन कर सोशल ऑडिट को फैसिलिटेट कर रहे BSAC/ BRP एवं VRPs की सूचना निम्न प्रारूप पर उपलब्ध करायी जानी है, जिससे ग्राम पंचायत को महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट पर मार्क किया जा सके। BRP का विवरण संलग्न प्रारूप पर उपलब्ध कराया जायेगा, जिससे BRP को महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट पर रजिस्टर करते हुये मार्क किया जा सके।

प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तक सम्बन्धित माह के लिये उपर्युक्तानुसार ग्राम पंचातयों का चयन करते हुये सूचना निम्न प्रारूप पर निदेशालय को उपलब्ध करायी जानी अपेक्षित है:-

| विकासखण्ड | ग्राम पंचायत | सोशल ऑडिट ग्राम सभा की तिथि | BSAC/BRP का नाम | मोबाइल नंबर | सोशल ऑडिट टीम सदस्य का नाम | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | 1. | |
| | | | | | 2. | |
| | | | | | 3. | |
| | | | | | 4. | |

4- जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार निदेशालय स्तर से पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक किये जाने हेतु चयनित ग्राम पंचायत, सोशल ऑडिट को फैसिलिटेट कर रहे ब्लाक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर (BSAC)/ ब्लाक संसाधन व्यक्ति (BRP) एवं सोशल ऑडिट टीम सदस्यों (VRPs) को महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट पर मार्क किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिससे सम्बन्धित BSAC/BRP द्वारा पंचायत निर्णय ऐप पर लॉगिन करते हुये कार्यवाही की जा सके। किन्तु जनपदों से प्रस्तावित की गयी ग्राम पंचायतों में पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक सम्पादित करने एवं ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट पर मार्क करते समय निम्न समस्याएँ आ रही हैं:-

- सोशल ऑडिट टीम सदस्यों (VRPs) का नरेगासॉफ्ट पर रजिस्टर किया गया मोबाइल नंबर ही उपलब्ध कराया जाना है क्योंकि सोशल ऑडिट टीम सदस्य के उपलब्ध कराये गये मोबाइल नंबर एवं नरेगासॉफ्ट पर रजिस्टर मोबाइल नंबर में अन्तर होने पर ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी नरेगा वेबसाइट पर मार्क किये जाने की कार्यवाही पूर्ण नहीं की जा सकती है।
- रिसोर्स पर्सन्स के रजिस्ट्रेशन में आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है इसलिए BRP का विवरण उपलब्ध कराते समय उनका नाम (As per Aadhaar card in English) ही उपलब्ध कराया जाना है।

5- जनपदों में पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित की जा रही सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक की रिपोर्ट को **R 9.6.2 Gram Panchayat Social Audit Uploaded Details** में देखा जा सकता है। अतः पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से सम्पादित ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट नरेगासॉफ्ट पर प्रदर्शित हो रही है अथवा नहीं? इसकी जनपदों द्वारा नियमित समीक्षा की जाये।

6- अतः उपर्युक्तानुसार पंचायत निर्णय ऐप के द्वारा सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक अनिवार्य रूप से किये जाने तथा सोशल ऑडिट ग्राम सभा की बैठक में मनरेगा श्रमिकों सहित सभी हितधारकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित कराने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार की अपेक्षानुसार कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

Digitally signed by
Kamlesh Kumar
Date: 22-09-2025
16:11:08

(कमलेश कुमार)
निदेशक

**<u>प्रतिलिपिः-</u>** समस्त जिलाधिकारी (गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद को छोड़कर), उ०प्र० को सूचनार्थ प्रेषित।

(कमलेश कुमार)
निदेशक

| **Resource Person Registration Format** | | | |
|---|---|---|---|
| Resource Person Name **(As per Aadhaar card in English)** | | | |
| Father / Husband Name | | | |
| Aadhaar Number | | | |
| Email Address | | | |
| Mobile Number | | | |
| Full Address | | | |
| Gender | | Date of Birth | |
| Educational Qualification | | Joining Date | |
| Native District | | Native Block | |
| Bank Name | | | |
| Name as per Bank | | | |
| IFSC Code | | | |
| Account Number | | | |